हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली



04 श्लोक वाचन, प्रतियोगिताओं व प्रवचन के साथ मनी...





08 40 साल पुराना जर्जर पुल अचानक भरभरा कर...




## खबर संक्षेप

### 250 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

**विदिशा।** श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के मैनेजर ट्रस्टी विट्ठल दास डांगरा ने अपना जन्मदिन सेवा भारती के संस्कार केंद्रों के बच्चों के बीच मनाते हुए लगभग 250 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए। ट्रस्ट द्वारा सेवा भारती विदिशा को 21 हजार रुपए सेवा कार्यों हेतु तथा रामकृष्ण शिक्षा समिति के विद्यालयों को 51 हजार की राशि समर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की उपाध्यक्ष डॉ. किरण सेजवार सहित अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक बाबूजी को स्वयं निर्मित गुलदस्ते और चित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया।

### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**ग्यारसपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ग्यारसपुर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमे नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र धाकड़ को बनाया गया और नगर मंत्री यश रघुवंशी को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप मध्य भारत प्रांत कार्यकारणी सदस्य गोविंद रघुवंशी उपस्थित रहे ।

### छात्रों ने प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया



**ग्यारसपुर।** पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल अटारी खेजड़ा के विद्यार्थियों ने सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत ग्यारसपुर स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल के निर्देश पर आयोजित इस स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम में छात्रों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, वैज्ञानिक प्रक्रिया तथा उर्वरता विश्लेषण की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी गोपाल बघेल, प्रयोगशाला प्रभारी विशाल अहिरवार और शिक्षक चंद्रभान विश्वकर्मा की उपस्थिति में बच्चों ने प्रयोगशाला के उपकरणों को देखा और मिट्टी जांच की पूरी प्रक्रिया को उत्साहपूर्वक समझा।

### वरिष्ठ पत्रकार अशोक मानोरिया का निधन

**विदिशा।** डॉ आशीष मानोरिया के पिताजी, डॉ. अभय मानोरिया के बड़े भाई, डॉ. मनीष एवं रीतेश मानोरिया के चाचा एवं विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार एवं इंजीनियर अशोक मानोरिया का सोमवार को निधन हो गया है। शाम 5 बजे उनके निवास 91 इंदिरा कॉम्प्लेक्स से अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए। बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया।



लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# आंगनबाड़ी, छात्रावासों व अस्पताल परिसरों में रिक्त भूमि पर सब्जी उत्पादन कर किया जाएगा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर होस्टल और अस्पताल की जमीनों पर उद्यानिकी विभाग के सहयोग से सब्जियों का उत्पादन किया जाएगा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के इस नवाचार से विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को ताजी सब्जियों की उपलब्धता संभव होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उक्त निर्देश देते हुए सोमवार को आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का संतुष्टिपूर्वक और समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आवेदन किसी भी स्तर पर

## संतुष्टिपूर्वक आवेदनों का निराकरण करें: कलेक्टर




अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिलास्तर पर संभव नहीं है, उनके कारणों को रेखांकित कर जवाब प्रस्तुत किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया से आवेदक को अवगत कराया जाए।

कलेक्टर ने यह भी जोर दिया कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ तुरंत मिले तथा अपात्र पाए जाने पर कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन से जुड़े लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। संभागायुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित एजेण्डा बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जिले में खाद वितरण के पायलेट प्रोजेक्ट को संचालित किया गया है, जिसे आगामी रबी सीजन में नियमित रूप से लागू किया जाएगा। किसानों के घर तक खाद पहुंचाने की प्रक्रिया में निजी खाद विक्रेताओं को भी निर्धारित शुल्क पर शामिल किए जाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक कृषकों को सुविधा मिल सके। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि नवाचारों के माध्यम से हितग्राहियों तक लाभ शीघ्र पहुंचे, इसके लिए विभागीय प्रक्रियाएं सरल और प्रभावी बनाईं जाएं।

### जैविक खेती एवं विशेष फसलों के लिए तैयारी

कलेक्टर ने जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जैविक खेती के लिए चयनित ग्रामों एवं फसलों की जानकारी विकासखंडवार संधारित की जाए तथा उनके विक्रय हेतु उचित बाजार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही चिया, कलोंजी और अश्वगंधा की खेती हेतु चिन्हित ग्रामों एवं किसानों की जानकारी भी जुटाई गई।

## कल्लू के ढाबा पर बिल के पेमेंट को लेकर क्राइम ब्रांच के आरक्षक का हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रंगई के आगे कल्लू ढाबे पर सोमवार रात उस समय हंगामा मच गया जब भोपाल क्राइम ब्रांच में पदस्थ आरक्षक आदित्य साहू का और ढाबा संचालक के बीच बिल भुगतान को लेकर विवाद हुआ। आरक्षक आदित्य साहू भोजन करने पहुंचे थे। बिल भुगतान के समय ढाबा संचालक से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि संचालक और आरक्षक के बीच मारपीट हो गई। हमले में आरक्षक साहू गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम प्रधान आरक्षक सोनपाल तोमर और चालक प्रदीप सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल आरक्षक को अस्पताल




पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने कल्लू ढाबा पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़कर थाने ले आई। इस दौरान ढाबे पर जमकर हंगामा भी हुआ। आरक्षक ने आरोप लगाया है कि ढाबा संचालक ने उनके साथ मारपीट कर घायल किया है।

पुलिस ने आरक्षक के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण कायम कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच जारी है।

### बेतवा नदी के उदगम स्थल को पुनर्जीवित करने बैठक कल

**विदिशा।** पौराणिक एवं सदानीरा रही बेतवा नदी पिछले वर्ष अपने उद्गम स्थल झिरी गांव पर सूख गई थी। इसके संरक्षण के लिए ग्राम



सेवा समिति भोपाल, बेतवा बिरादरी विदिशा तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाएं तीन वर्ष से निरंतर श्रमदान कर रहीं हैं। इस वर्ष मई में सैकड़ों स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए 55 चैक डैमों से उद्गम स्थल की जलधारा आंशिक रूप से पुनर्जीवित हुई है। इसे स्थायी रूप से सदानीरा बनाने के लिए आगामी वर्षों में भी सतत प्रयास आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से बेतवा नदी को सदानीरा व प्रदूषण मुक्त बनाने पर विचार-विमर्श हेतु 3 दिसंबर को भोपाल व विदिशा के प्रबुद्ध जनों की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक शाम 4 बजे ग्राम सेवा समिति कार्यालय, 114 फाइन एवेन्यू, कोलार रोड, भोपाल में होगी। यह जानकारी डॉ. आरके पालीवाल और डॉ. सुरेश गर्ग ने दी।

## कलेक्टर गुप्ता ने 4 महिला बीएलओ को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को विदिशा विधानसभा क्षेत्र की 3 महिला बीएलओ और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की 1 महिला बीएलओ को एसआईआर के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया है।

सम्मानित होने वाली वाली बीएलओ में विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 241 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ बबीता गोकुल जिन्होंने 1227 मतदाताओं के गणना फार्म डिजिटाइज्ड किए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 119 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ किरण बघेल जिन्होंने अपने मतदान केंद्र के 972 मतदाताओं के गणना फार्म डिजिटाइजेशन किया है।

मतदान केंद्र क्रमांक 152 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ राशीदा खान ने 1203 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज्ड किए हैं और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 222 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ आशा गोपाल दांगी जिन्होंने 1136 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज्ड किए हैं। इन सभी बीएलओ को कलेक्टर ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है।

### शहर की सुख समृद्धि के लिए रंगई मंदिर पर सुंदरकांड पाठ आज

**विदिशा।** शहर की सुख-समृद्धि और शांति के लिए आज रात 8 बजे मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर रंगई में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा। सैकड़ों भक्त एक साथ चालीसा पाठ कर शहर के मंगलमय कल्याण की कामना करेंगे। इस अवसर पर विशंभर दास रामायणी महाराज अपनी गरिमामय उपस्थिति से सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का आव्हान हिंद प्रहरी संगठन ने किया है। इसकी जानकारी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने दी।

### गो तस्कर इमरान पर रासूका लगाने की मांग

**विदिशा।** सोमवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने गौ तस्कर इमरान खान पर एनएसए की कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है कि धनोरा पठारी से आए दिन गो तस्करी करने वाले इमरान खान पिता फैज खान पर विदिशा एवं



रायसेन जिले में कई गौ तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। पूर्व में एनएसए के तहत कार्रवाई भी हो चुकी है। अभी कुछ दिन पहले रायसेन पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है और वह रायसेन जेल में है। आरोपी लगातार गौ तस्करी कर रहा है। इसलिए इमरान खान पर रासूका के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में शैलेश रघुवंशी, सौरभसिंह राजपूत, संजय प्रजापति, रविकांत शर्मा, सुरेंद्र कुशवाह, प्रियंक रघुवंशी, दीपक पाल, अमन लोधी मौजूद रहे।

### हिन्दू संगम यात्रा वाहन रैली कल से

**विदिशा।** हिन्दू संगम यात्रा वाहन रैली 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे रंगई से प्रारंभ होगी। यात्रा पांच प्रमुख परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक शिष्टाचार और सामाजिक समरसता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए गांव-गांव में जागरण करेगी। यह यात्रा पहले दिन नटेरन में विश्राम कर अगले दिन विभिन्न गांवों से होकर सूर्यनगर में संपन्न होगी। हिन्दू समाज को समस्याओं के समाधान में स्वावलंबी बनाने का ही इसका मुख्य उद्देश्य है।

### 33 वर्षों सेवा पूर्ण कर एएसआई प्रकाशचंद्र चतुर्वेदी सेवानिवृत्त हुए, वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मान

**विदिशा।** पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार को सहायक उप निरीक्षक प्रकाशचंद्र चतुर्वेदी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी और एडिशनल एपी डॉ. प्रशांत चौबे ने उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र व पुलिस मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। एएसआई प्रकाशचंद्र चतुर्वेदी ने कुल 33 वर्ष 2 माह 22 दिन की निष्ठापूर्ण व गौरवशाली सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की। समारोह में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान, सूबेदार मेघा शर्मा, पुलिस अधीक्षक स्टेनो आरके साहू, मुख्य लिपिक सुनील वर्मा, टीआई यातायात आशीष राय, सहित स्टाफ और परिजन उपस्थित रहे।



### उदयगिरि परिक्रमा के 8 वर्ष पूर्ण हुए, बुजुर्गों का किया सम्मान

**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित उदयगिरि परिक्रमा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को परिक्रमा में निरंतर सहभागी रहे सभी बुजुर्गों का सम्मान किया गया। 21 किमी की यह परिक्रमा समरसता, पर्यावरण संरक्षण, पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और विदिशा की धार्मिक महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर की जाती है। सोमवार को परिक्रमा के दौरान आवले का वृक्ष रोपित किया गया और निश्चय लिया गया कि हर परिक्रमा में एक फलदार पौधे का रोपण होगा।

रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में हुआ कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गूंजा अध्यात्म का स्वर, 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में हुए मुख्य कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद् गीता के 15वें अध्याय का वाचन किया गया तथा इसके आध्यात्मिक व व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि गीता मानव जीवन को सच्चे मार्ग पर




चलने की प्रेरणा देती है और धर्म-अधर्म के संघर्ष में सत्य की ही विजय होती है। विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा अध्याय वाचन संपन्न कराया गया तथा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा ने गीता पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस्कॉन के अध्यक्ष राधाभाव गौर ने गीता के कर्मयोग और उसके उद्देश्यों पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पुरुषोत्तम योग श्रीमद्भगवद् गीता योगेश्वर श्रीकृष्ण का उपदेशामृत पुस्तिका का विमोचन भी विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एसडीएम क्षितिज शर्मा, विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5200
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7365
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव- 5472
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6400
ज्वार
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-5680
मक्का
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव- 1651
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2361
उच्चतम भाव-3076
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3411
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3225
धनिया
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2800
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5610

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 29932 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### विराट कवि सम्मेलन आज

**गंजबासौदा।** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्री राम कथा एवं पंच कुंडात्मक श्री रुद्र महायज्ञ के तत्वावधान में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को सायं 6 बजे से श्रीधाम बासौदा दरबार परिसर में किया जा रहा है। जिसमें आशीष दुबे, नीलेश चतुर्वेदी, ध्रुव शर्मा बैचेन, सतेन्द्र सत्यज, विकास शुक्ला, सुमित सिंह, शिखा रघुवंशी, अजय राहुल, प्रयम आर्य अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक श्रोताओं से शामिल होने की अपील की गई है।

### रखाव व सुधार कार्य बिजली प्रदाय बंद रहा

**गंजबासौदा।** सोमवार को 33/11 के.व्ही.उप केंद्रों पर आवश्यक रख रखाव एवं सुधार कार्य किए जाने के कारण 33 के. व्ही. बासौदा लाइन की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक बंद रही। वहीं 11 के. व्ही. पचमा डीएलएफ, राजेंद्र नगर फीडर, लालपठार फीडर, पचमा पंप फीडर पर आवश्यक कार्य जैसे केबल ऑग्मेंटेशन, जंपर एवं अन्य सुधार कार्य किए जाने कारण इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रही।

# विश्व हिंदू परिषद ने मौलाना अरशद मदनी का पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का पुतला फूंककर शहर थाने में आवेदन देकर एफआईआर करने की मांग की गई। दिए गए आवेदक में यशवंत दुबे ने मांग की है कि मौलाना महमूद अरशद मदनी ने 29 नवंबर, 2025 को भोपाल में अत्यधिक भड़काऊ, देशद्रोही और विभाजनकारी भाषण दिया है जिसके संबंध में एक औपचारिक आपराधिक शिकायत दर्ज करना चाहता हूँ।

भाषण की सामग्री द्वेष को बढ़ावा देने, सशस्त्र विद्रोह भड़काने और देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था के संवैधानिक अधिकार को चुनौती देने का एक जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। भाषण में ऐसे बयान शामिल हैं जो भारतीय न्याय संहिता के तहत स्पष्ट रूप से दंडनीय हैं। मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए विशिष्ट विवादास्पद बयान और भा.न्या.सं. की वे धाराएँ, जिनके तहत वे उत्तरदायी हैं। संबोधन के दौरान, मौलाना महमूद अरशद मदनी ने यह दावा करते हुए एक बयान दिया कि भारत में मुसलमानों को दबाया जा रहा है और बहुसंख्यक हिंदू भारत में मुसलमानों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

यह बयान विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच घृणा, दुर्भावना और सांप्रदायिक घर्षण को बढ़ावा देने का एक घृणित कार्य है। यह दुर्भावनापूर्ण रूप से बहुसंख्यक समुदाय पर उत्पीड़न का आरोप लगाता है और इसका उद्देश्य गहरी कलह और नफरत बोना है, जो सीधे तौर पर धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी



को बढ़ावा देना के अंतर्गत आता है। यह बयान लोक अपहानि और भय पैदा करने, समुदायों के बीच असुरक्षा और शत्रुता की भावना पैदा करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। आरोपी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के संबंध में एक अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान दिया, जिसमें कहा गया है कि 'वंदे मातरम' का पाठ करना मृत होने का एक संकेतक है और इस राष्ट्रीय गीत के पाठ पर जोर देना मुसलमानों के लिए मौत के समान है। यह बयान राष्ट्रीय गौरव और एकता के एक प्रिय प्रतीक पर सीधा हमला है। यह बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को आहत करने और एक ऐसा माहौल बनाने के लिए परिकलित है जहाँ राष्ट्रीय प्रतीकों का पालन एक शत्रुतापूर्ण कार्य के रूप में चित्रित किया जाता है। आरोपी ने भारत गणराज्य के संवैधानिक और न्यायिक ढांचे को कमजोर करने वाले गंभीर बयान दिए।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सुप्रीम कोर्ट विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के प्रति पक्षपाती है। उन्होंने आगे दावा किया कि राम जन्मभूमि मामले और ट्रिपल तलाक मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले और काशी विश्वनाथ और श्री कृष्ण जन्मभूमि के सर्वेक्षण के आदेश, न्यायिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि मुसलमानों के खिलाफ जानबूझकर की गई कार्रवाई है। सुप्रीम कोर्ट का पालन तभी किया जा सकता है जब वह इस्लामी मौलवियों और चरमपंथियों के लिए संतोषजनक फैसला दे। यह बयान देश के सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार और स्वतंत्रता तथा कानून के शासन के सिद्धांत को सीधी चुनौती है। यह राष्ट्र के संवैधानिक शासन को अस्थिर करने का प्रयास करता है और आंतरिक असंतोष की स्थिति पैदा करता है।

ये कृत्य, जो भारत की मौलिक संस्थाओं पर हमला करके इसकी संप्रभुता, एकता और अखंडता को कमजोर करते हैं, आरोपी ने कथित उत्पीड़न का आधार तैयार करने के बाद अपने भाषण के 17 वें मिनट में एक विशिष्ट आह्वान किया, जिसमें कहा गया कि जहाँ भी उत्पीड़न होगा, वहाँ जिहाद होगा, जिसे उन्होंने स्पष्ट रूप से गैर-मुस्लिमों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष के रूप में स्पष्ट किया। यह उत्पीड़न की मनगढ़ंत कहानी के आधार पर गैर-मुस्लिमों और राज्य के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह के लिए एक प्रत्यक्ष और खुला आह्वान है। आवेदन में कहा गया है कि भाषण की अत्यधिक भड़काऊ, राष्ट्र-विरोधी और सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी प्रकृति को देखते हुए मौलाना महमूद अरशद मदनी के खिलाफ तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित प्रावधानों, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 152, 196 और 353 के तहत दर्ज की जाए। इस मामले में गहन जांच शुरू करें। आरोपी पर कानून के अनुसार मुकदमा चलाने के लिए सभी आवश्यक कानूनी कदम उठाएं। एफआईआर के आवेदन से पूर्व सभी विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हुए वहां सभी ने जमकर नारेबाजी करते हुए मौलाना मदनी का पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उपजेल में कैदियों को सुनाया गया गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ

# श्लोक वाचन, प्रतियोगिताओं व प्रवचन के साथ मनी गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर में गीता जयंती महोत्सव पर शासकीय एसजीएस महाविद्यालय, शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय, नौलखी मंदिर, उपजेल एवं जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम सहित अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

एसजीएस महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन तथा डॉ. बीके प्रजापति के नेतृत्व में गीता जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ हुआ। डॉ. बीके प्रजापति द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीता के श्लोकों का वाचन किया गया। उन श्लोक के अर्थ के माध्यम से गीता के अर्थ को समझाया गया। तत्पश्चात अभिषेक सिंह द्वारा भगवान कृष्ण और अर्जुन के गीता संवाद पर कविता प्रस्तुत की गई। डॉक्टर सुमनलता गुप्ता ने गीता के ज्ञान के रहस्य और उसके आदर्श को जीवन में अपनाने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। तत्पश्चात डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि किस तरह वह अपने जीवन में गीता के आदर्शों पर चलकर जीवन को उत्तम बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन घनश्याम चौकसे ने किया। इसी के साथ महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें एड्स के प्रति जागरूकता ही बचाव है विषय पर चर्चा भी की गई। स्वयंसेवकों द्वारा एड्स से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपाय बताए गए। साथ ही संक्रमण को रोकने हेतु क्या-क्या उपाय करने चाहिए, वह भी समझाया गया। इस दौरान शिवराज परिहार, सुरेंद्र










कुशवाहा, भूमि रघुवंशी, अंजलि झा, सचिन अहिरवार आदि उपस्थित रहे। वहीं उपजेल में गीता जयंती के अवसर पर बंदियों को सामूहिक रुप से गीता के 15 वें अध्याय को सुनाया गया। कर्म की महत्ता बताने वाले गीता के उपदेश को बंदियों द्वारा लगन के साथ सुना एवं जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जेलर आलोक कुमार भार्गव एवं उपजेल स्टॉफ मौजूद रहा। वहीं संत श्री जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदांत आश्रम में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। जिसमें विश्वहिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय सहमंत्री राजेश तिवारी एवं संस्कृत भारती के जिला सहमंत्री विनोद शर्मा तथा संस्कृत प्रचारक मोहित शर्मा एवं विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकगण, छात्र एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने विद्यार्थियों को ज्ञान कर्म योग के बारे में बताते हुए कहा कि मनुष्य को आवश्यकता न होने पर भी कर्तव्य पालन अवश्य करना चाहिए। क्योंकि महान पुरुष जो आचरण या कर्तव्य करते हैं उनके अनुयायी भी उसी मार्ग पर चलते हैं। अन्य अतिथियों ने भी गीता पर प्रकाश डाला। विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने भी द्वादश एवं पंचदश अध्याय का कंठस्थ उच्चारण किया एवं मोक्षित चौबे ने सम्पूर्ण श्री मद्भगवगीता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में आशीर्वचन के साथ आश्रम के महंत स्वामी हरिहर दास महाराज ने भी गीता को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

उधर नौलखी मंदिर में सनातन धर्म सेवा संस्थान के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे 5 दिवसीय प्रवचन में सोमवार को समापन पर गीता मर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने कहा कि मनुष्य जब कर्म को पूजा और जीवन को साधना मानकर चले, तभी उसका हर कदम धर्म हो जाता है। गीता हमें सिखाती है कि युद्ध जीवन का प्रतीक है।

अंदर के संशय, मोह, भ्रम और भय ही हमारे वास्तविक कुरुक्षेत्र हैं। जो साधक 'स्वधर्म' और 'स्वभाव' को पहचान लेता है, वही अर्जुन की तरह ईश्वर की कृपा का अधिकारी बनता है। विश्राम दिवस पर प्रवचन में शरणागति के छः लक्षणों का अत्यंत करुणामय और भावप्रधान वर्णन किया गया। उन्होंने कहा गीता को घरों की अलमारी में नहीं, हृदय के सिंहासन में विराजित करना है। प्रतिदिन दो श्लोक पढ़कर, एक विचार अपनाकर और एक कर्म सुधारकर जीवन को बेहतर बनाना है। वहीं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा पूनम शुक्ला ने गीता जयंती मनाने व गीताजी का प्राचार प्रसार करने की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ प्रदन्या करंदीकर द्वारा गीता के श्लोको का सामूहिक पाठ कराया गया। जिसमे 12 अध्याय का पाठ एवं दूसरे, आठवे, नवे एवं 18 अध्याय से पांच विशिष्ट श्लोको का पाठ गीता पंचामृत के रुप में किया गया एवं श्लोको का अर्थ भी बताया गया। साथ ही गीता पाठ श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें पूनम शुक्ला बीकॉम तृतीय वर्ष ने प्रथम, स्वीटी नरवरिया बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय एवं अंजली कुशवाह बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ खुमेश सिंह ठाकुर एवं अनीशा भारद्वाज उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक शिव कुमारी, मुकेश सेन, निखिल शर्मा एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नगरपालिका ने जब्त की टेलीकॉम कंपनी की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहरी क्षेत्र में टेलीकॉम लाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिसके कारण नगर पालिका की जलावर्धन पाइप लाइन एवं पक्की सडक़ों को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जो स्थानीय नागरिकों के लिये परेशानी का कारण भी बन रहा है। बीते एक पखवाड़े से प्रारंभ किये गये इस कार्य के कारण लगभग आधा दर्जन से अधिक वाहन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, तो वहीं लगातार जलावर्धन की पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत मिलने से नपाकर्मी भी परेशान हैं। गत दिवस टेलीकॉम की लाइन बिछाते समय नवीन बस स्टैण्ड परिसर मेला ग्राउंड के पास पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। देखते ही देखते पूरे परिसर में पानी भर गया और शाम के समय वार्ड की कई गलियों में जल प्रदाय बाधित रहा। नगर पालिका ने भी अब सख्ती दिखाते हुये टेलीकॉम लाइन बिछाने का कार्य कर रहे ठेकेदार को सख्त हिदायत दी और बस स्टैण्ड परिसर से 61 पाइप, ड्रिल मशीन, ट्रक, टेंकर आदि जब्त कर सामान नगर पालिका में रखबा दिया। इसका स्टीमेट बनाया जा रहा है। आगे कार्रवाई नियमानुसार की जावेगी।

### कबड्डी प्रतियोगिता में अनेक टीमों ने लिया भाग



**गंजबासौदा।** सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत बासौदा नगर मंडल एवं बासौदा ग्रामीण मंडल की अनेकों टीमों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, प्राचार्य एमसी शर्मा, रूपेंद्र शर्मा ने मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने टीमों के बीच टॉस कराकर उनका परिचय प्राप्त कर संसदीय खेल अंतर्गत कबड्डी का शुभारंभ किया। कबड्डी मैच का आनंद सभी अतिथियों ने लिया बालक और बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबले में बासौदा नगर मंडल में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय इंडोर स्टेडियम की टीम बालक और बालिका वर्ग में विजेता रही। वहीं बासौदा ग्रामीण मंडल में बहलोट की बालक और बालिका टीम विजेता रही। अब यही विजेता टीमें विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगीं। निर्णायक की भूमिका में विकासखंड खेल प्रभारी स्वतंत्र जैन, ग्रामीण युवा समन्वयक, खेल शिक्षक राहुल विश्वकर्मा, स्वयं शर्मा रहे। विजेता टीमों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किए गए।

### बाबा रामदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का हो रहा आयोजन

# प्रकृति जड़ है, किसी का अपराध क्षमा नहीं करती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा धर्म है कभी भी साधु-संत, भक्त या किसी भी निर्दोष प्राणी का अपकार न करना। यदि ऐसा होता है तो परिणाम भोगने पड़ते हैं, क्योंकि प्रकृति जड़ है और वह किसी अपराध को क्षमा नहीं करती। यह संदेश राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के सातवें दिवस प्रेमभूषण महाराज ने दिया। महाराजश्री ने भगवान श्रीराम के वनगमन से जुड़े प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि जीवन में ऐसा आचरण रखना चाहिए जिससे किसी को अनजाने में भी कष्ट न पहुंचे। उन्होंने दशरथ-श्रवण प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि अनजाने में हुए अपराध का भी फल मिलता है, फिर यदि कोई जानबूझकर किसी का अहित करे तो उसका दुष्परिणाम अवश्य सामने आता है। श्रीधाम बासौदा दरबार के पीठाधीश्वर हरिनारायण पाठक के संकल्प से जारी रामकथा में प्रेमभूषण ने कहा कि जीवन जितना सरल और सहज होगा, उतना ही ईश्वर के निकट ले जाएगा।

सामान्य जन श्रेष्ठ व्यक्तियों के आचरण का अनुसरण करते हैं, इसलिए श्रेष्ठजनों का व्यवहार भी श्रेष्ठ होना चाहिए। महाराज ने श्रोताओं को संदेश दिया कि शरीर की बाह्य शुद्धि स्नान से होती है, लेकिन मन की शुद्धि सत्पथ से प्राप्त अन्न से होती है। धर्मपूर्वक अर्जित अन्न मन को निर्मल बनाता है। भगवान केवल प्रेम से प्रसन्न होते हैं, इसलिए जीवन में प्रेम, सहजता और सद्भाव बनाए रखना ही सर्वोत्तम साधना है। कथा के मुख्य यजमान अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया। दैनिक यजमान के रूप में शरद तिवारी, शरद पाठक ने विराम आरती में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान महाराज ने कई सुमधुर भजनों का रसपान कराया, जिन्हें सुनकर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तगण भाव विभोर होकर झूमते नजर आए।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। जिसमे मोतियाबिंद की जांच की जाऐगी एवं दवाई, चश्मा का निशुल्क वितरण किया जाऐगा। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने नेत्र रोगियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# न्यायाधीशों ने कहा, नेशनल लोक अदालत 13 को लगेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 13 दिसम्बर को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले एमएसीटी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गयी। जिसमें राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड , आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड , स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड , सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ व पत्रकारण उपस्थित हुए।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों को यह जानकारी दी गई कि यह इस वर्ष की चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत है जिसका आयोजन दिनांक 13 दिसम्बर को न्यायालय परिसर ग्राम रजोदा में किया जा रहा है। लोक अदालत में 1 दिसम्बर की स्थिति में निराकरण हेतु रखे जाने वाले न्यायालयों के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरण की संख्या 317 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों की संख्या 2827 है। आयोजित लोक अदालत में रखे जाने वाले विद्युत



के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के लिए उर्जा विभाग द्वारा छूट जारी की गई है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले विद्युत के प्रकरणों में छूट संबंध प्रावधान है। समस्त घरेलू, कृषि 5 किलोवाट तक, गैर घरेलू 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल प्रक्रिया दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर शत प्रतिशत की छूट दी जावेगी। न्यायालय में लंबित प्रकरण पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निधारिण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चकवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर शत प्रतिशत की छूट दी जाऐगी।

शासकीय अधिकारी बने अपने शिष्यों का विद्यालय में गुरुओं ने किया सम्मान

# सपनों को साकार कर, उंचाइयां प्राप्त कर अपने गुरु का आशीर्वाद लेने पहुंचे शिष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऐसा बहुत ही कम जगह पाया जाता है कि गुरू द्वारा अपने शिष्यों को अध्ययन कराने व शिष्य के उच्च शिखर पर पहुंचने पर कभी शिष्य पुनः अपने गुरू के पास आर्शीवाद लेने आए। ऐसे बहुत कम ही छात्र होते हैं। इसी कड़ी में सिरोंज के शिक्षा जगत में वरिष्ठ शिक्षक महेश ताम्रकार, वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर के अथक प्रयासों से आज जिन छात्रों ने जो ऊंचाईया प्राप्त की हैं।

वह छात्र भी अपने आप में आज गर्व महशूस कर रहे हैं और ईश्वर प्रार्थना कर रहे है कि हमारे समय में जो हमें गुरू मिले ऐसे ही गुरू हर छात्र को मिले तो हर बच्चा अपने सपने को भी पूरा करे और अपने क्षेत्र का नाम रौशन भी करें। सांदीपनि विद्यालय में विद्यालय में सत्र 2015-16 में कक्षा 12वीं गणित विषय से उत्तीर्ण प्रफुल्ल लबाहै एम.पी.पीएससी परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण होकर वर्तमान में शोसर जिला पांढुरना में जनपद सीईओ के पद पर कार्यरत है। तो वही झलकन अहिरवार 2015-16 बेच के गणित विषय से सांदीपनि विद्यालय के पूर्व छात्र




एम.पी.पीएससी 2024 परीक्षा में विकासखंड अधिकारी के रूप में चयन हुआ। साथ ही 2015 में गणित संकाय से कक्षा 12वी सांदीपनि विद्यालय से उत्तीर्ण कर कु. सलोनी जैन एम.पी.पीएससी 2024 में कॉपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई। उक्त तीनों छात्र सांदीपनि विद्यालय के पूर्व छात्र हैं तीनों पूर्व छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विद्यालय में आमंत्रित किया गया और तीनों छात्रों का प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताहुकार द्वारा तीनों छात्रों को शाल श्रीफल और मोमेंटो व फूलमाला पहनकर सभी का सम्मान किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### विद्यालय के छात्रों को दिया मार्गदर्शन

प्रफुल्ल लबाहै जो वर्तमान में जनपद सीईओ सोशर जिला पांढुरना में कार्यरत है अपने विद्यालय समय के यादगार क्षणो एवं शिक्षको द्वारा बताए प्रेरणा एवं अनुशासन जिससे आज वह इस पद तक पहुंचे सभी छात्रों से साझा किया। साथ ही विघालय में बिताए गए समय का अनुभव एवं प्रेरणादायक बातें छात्रों से साझा की और विद्यालय के छात्रों को कठिन परिश्रम और अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

वहीं सलोनी जैन वर्तमान में कॉपरेटिव इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई और छात्रों से उनकी समस्याएं और उन्हें मार्गदर्शन हेतु सभी छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। वही झलकन अहिरवार ने छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग एवं एमपीपीएससी के बारे में उचित मार्गदर्शन दिया एवं छात्रों को किसी भी तरह की समस्या में उनसे संपर्क करने हेतु कहा गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजीव माथुर द्वारा किया गया। वही आभार व्यक्त विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्यनारायण शर्मा, करन विश्वकर्मा, भारती सक्सेना, वर्षा परिहार, अरशी वेग एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# मेरे अल्लाह मेरे सीने में दो दिल रख दे, एक काबा हो, एक मदीना हो जाए : जफर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

इंतेसाब पब्लिकेशंस और सद्भावना मंच की ओर से सैफी लाइब्रेरी सिरोंज में मशहूर कवि, त्रैमासिक इंतेसाब और आलमी ज़बान के एडिटर सैफी सिरोंजी के बेटे नवेद सैफी की याद में आल इंडिया नातिया मुशायरे और मासिक पत्रिका आलमी ज़बान के लोलाक विशेषांक का विमोचन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर शान फखरी ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के प्रोफेसर अज़ीज़उल्लाह शीरानी और सागर के डॉक्टर वसीम अनवर रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर शीरानी ने चंद्रभान खयाल की लोलाक पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने नज़्म लोलाक में मानवता का पैग़ाम दिया है। सैफी सिरोंजी ने कहा कि चंद्रभान खयाल ने लोलाक जैसी नज़्म कह कर एक एतिहासिक काम कर दिया है। वसीम अनवर ने कहा कि लोलाक विशेषांक में एडिटरों की मेहनत साफ नज़र आती है। स्तुति अग्रवाल ने लोलाक के बारे में बताते हुए कहा कि कविता लोलाक के माध्यम से चंद्रभान खयाल ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला है। इस मौके पर ज़फ़र सिरोंजी, डॉक्टर सैय्यद उरूज अहमद और असद हाशमी ने भी विशेषांक पर गुफ्तगू की।

विमोचन समारोह के बाद नातिया मुशायरा शुरू हुआ। जिसकी अध्यक्षता ज़फ़र सहबाई द्वारा की गई। वही उन्होंने प्रोग्राम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजकों का बड़ा कारनामा है कि आज के दौर में इतने लोगों को जमा कर लेते हैं। शायरों में शान फखरी, अजीजुल्लाह शीरानी, मजाज़ कोरबाई, इकबाल मंजर, साजिद हाशमी, साजिद प्रेमी, सरवर हबीब, शोएब अली खान, खलील असलम कुरैशी, सलाहुद्दीन अनवर, अजमत दानिश, सोहेल नसीम, ज़फ़र सिरोंजी, सुलेमान आज़र, आसिफ सिरोंजी, क़मर अली क़मर, नौशे हैदर, अज़ीज़ फ़राज़, असद हाशमी और इलयास रज़ा ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन स्तुति अग्रवाल ने किया।

### उर्दू के क्षेत्र में सैफी सिरोंजी के नाम से जाना जाता सिरोंज को

उर्दू के क्षेत्र सिरोंज मध्यप्रदेश का नाम जब जब भी आता है तो सिरोंज को सैफी सिरोंजी के नाम से पहचाना जाता है। देश व विदेशो में जब भी सिरोंज का नाम लिया जाता है तो सैफी सिरोंजी के नाम से ही लिया जाता है। वही लोग यह कहते है कि यह वही सिरोंज है जहां मशहूर शायर,लेखक सैफी सिरोंजी रहते है। यदि सैफी सिरोंजी की उपलब्धियो की बात की जाए तो इन्हे भारत देश के अलावा विदेशो में भी बडें बडें अवॉर्ड से नमाजा गया। जिससे की मध्यप्रदेश के सिरोंज के नागरिक भी अपने आप में गर्व महशूस करते है। वही दूसरी ओर सिरोंज के हिन्दू परिवार में जन्म लेने वाली सिरोंज की बेटी स्तृति अग्रवाल जिनके पिता सिरोंज के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल अग्रवाल अन्नू भाईया के पुत्री स्तृति अग्रवाल ने सैफी सिरोंजी को अपना गुरू मानकर उर्दू के क्षेत्र में देशभर में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई। आज देशभर में उर्दू के क्षेत्र में स्तृति अग्रवाल को जो सम्मान मिला है वह सैफी सिरोंजी की देन है। वही स्तृति अग्रवाल की यदि बात की जाए तो उर्दू के क्षेत्र में शायरी व अन्य कार्यक्रमो में वह बडें बडे अवॉर्ड प्राप्त कर चुकी है। वही सिरोंज वासियो को भी सिरोंज की बेटी स्तृति अग्रवाल पर भी फर्क होता है।

# आवेदन पत्र देकर जन सहयोग से पुलिया की अनुमति दिलाए जाने मांग की

### तहसील वक्फ कमेटी की कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व मुस्लिम समाज जनों द्वारा विदिशा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को एक आवेदन पत्र सौंप कर मांग की है कि सिरोंज नगर के वार्ड क्रमांक 2 पालीवाल कॉलोनी के पीछे स्थित नहर से लगे हुए दो बहुत पुराने कब्रिस्तान मौजूद है जो वर्तमान में चालू भी है जिसमें जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है मजबूरी में मुस्लिम समाज जनों और किसानों को नहर को पार करके शव को दफनाने और किसानों को अपने खेतों में जाने के लिए नहर को पार करके जाना पड़ता है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही अगर नहर चालू हो जाए तो शव को दफनाने और किसानों को खेती-बाड़ी का



काम करने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में तहसील वक्फ कमेटी सिरोंज द्वारा स्थानीय स्तर से लेकर गंज बासौदा,विदिशा और भोपाल जल संसाधन विभाग तक लिखित आवेदन पत्र दिए जा चुके हैं और स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा भी सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका को पत्र लिखकर पुलिया निर्माण के लिए अनुमति प्रदान करने को कहा गया है। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे शव को दफनाने के लिए मुस्लिम समाज तो परेशान हो ही रहा है। वही किसान भी काफी परेशान है जिसकी और जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है इस पूरे मामले को तहसील वक्फ कमेटी द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के समक्ष रखकर पुलिया निर्माण के लिए अनुमति दिलाए जाने की मांग की है ताकि मुस्लिम समाज जन सहयोग से पुलिया का निर्माण करा सके जिससे सभी वर्ग के लोगों को सुविधा होगी।

# शिवसेना 11 दिसंबर को सनौध थाने का घेराव करेगी

**सागर।** शिवसेना संगठन को मजबूत प्रदान करने के उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर मनी सिंग गुरेन को शिवसेना राज्य संगठक प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। मनी सिंग के निज निवास पर शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी, जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी, युवा सेना जिला प्रमुख पंकज दूबे, शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह सहित स्थानीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया। गुरेन ने कहा कि सागर जिले में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है पुलिस थानों में नशीले पदार्थों का विक्रय किया जा रहा है। हत्या मारपीट आम बात हो गई है।

# विद्यार्थियों को बैठाने बस चालक कर रहे आनाकानी

### छात्र-छात्राएं करती हैं बसों में बैठने घंटों इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भोपाल से जबलपुर के बीच सबसे बड़े बस स्टैंड पर छात्र-छात्राओं को अपने गांव जाने आने में घंटों इंतजार करना पड़ता है। बरेली से आसपास के दर्जनों ग्राम जुड़े हुए हैं शिक्षा का क्षेत्र में सबसे बड़ा और प्रमुख स्थान होने के कारण भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राएं प्रतिदिन पढ़ाई के लिए बरेली आते जाते हैं।

### छात्र-छात्राओं में संतोष

बरेली से भोपाल रायसेन विदिशा होशंगाबाद पिपरिया उदयपुरा सिलवानी मार्ग पर बरेली से 100 से अधिक यात्री बसें दौड़ती हैं। लंबी दूरी की यात्री बसों में छात्र-छात्राओं को ना बैठाले जाने से पलकों, छात्रों में असंतोष बना हुआ है। पालकों द्वारा यात्री बसों में बैठाले जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

भवन बन गया, चिकित्सा सुविधा शुरू होने का इंतजार

# पशु चिकित्सालय की भूमि पर 25 लाख से बना मोहल्ला संजीवनी क्लिनिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

25 लख रुपए की लागत से नगर पंचायत द्वारा ठेकेदार के माध्यम से संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक भवन का निर्माण कराया गया है। 4-5 महीनों पूर्व भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवन हैंडओवर न किए जाने से संजीवनी क्लिनिक शुरू न होने से जिस उद्देश्य से संजीवनी क्लिनिक का निर्माण हुआ और 25 लाख की बड़ी रकम खर्च की गई उद्देश्य अधूरा ही बना हुआ है।

नगर में सिविल अस्पताल है इसी के साथ बड़ा बाजार में दशकों पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल है। नगर की बढ़ती जनसंख्या और लोगों को अपने निकट ही स्वास्थ सुविधा सेवाएं मिल सके इसी उद्देश्य से शासन की योजना अनुसार पशु चिकित्सालय की खाली पड़ी भूमि पर नगर पंचायत द्वारा संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक भवन का निर्माण कराया गया। वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 13, 14, 15 के निवासियों को संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक शुरू होने से लाभ होगा और अपने निकट ही स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी।



### शोपीस बना भवन

पशु चिकित्सालय की खाली पड़ी भूमि के एक कोने में मुख्य सड़क से लगकर संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक का निर्माण कराया गया है। भवन तो बन गया चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ ना होने स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवन को हैंडओवर नहीं किए जाने से 25 लाख का बना भवन शोपीस बना नजर आ रहा है।

**इनका कहना है**

25 लाख की लागत से संजीवनी मोहल्ला क्लीनिक का निर्माण हुआ है। स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर करने पत्र लिखे जा चुके हैं। भवन निर्माण हुए चार-पांच माह हो गए हैं।
- **हरिशंकर वर्मा,** सीएमओ, नगर परिषद बरेली।

# सांसद व महापौर ने एसआईआर सर्वे जन जागरुकता हेतु वृंदावन वार्ड का भ्रमण किया

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा संचालित लोकतंत्र का उत्सव एसआईआर सर्वे अभियान को सफल बनाने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृंदावन वार्ड में विशेष जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने संयुक्त रूप से वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित किया। भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर एसआईआर सर्वे के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह सर्वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा प्रत्येक नागरिक का सही व अद्यतन विवरण दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया मजबूत होगी ।सांसद लता वानखेड़े ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एसआईआर सर्वे में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सर्वे टीम को सही जानकारी प्रदान करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में सतत रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा सर्वे के दौरान आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है जिससे किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि एसआईआर सर्वे पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बैठक संपन्न

**रहली।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रहली, दिनेश देवड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को सिविल न्यायालय में नेशनल लोक अदालत के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

गर्ल्स स्कूल परिसर में गीता जयंती महोत्सव पर हुआ आयोजन

# 1100 साधू-संतों ने किया गीता का कंठस्थ पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायसेन

- गीता जयंती महोत्सव में गीता के 15वें अध्याय का हुआ सामूहिक कंठस्थ पाठ
- कार्यक्रम में जिलेभर से पधारे साधू, महात्मा एवं गीता के विद्वान, छोटा बच्चा रहा आकर्षण का केंद्र

सोमवार को सुबह 10 दोपहर 12 बजे गर्ल्स स्कूल ग्राउंड पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की डॉ मोहन सरकार इस अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सामूहिक गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड बन गया है। जिसमें संपूर्ण विश्व में 3 लाख से अधिक लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ किया गया।

साधु महात्माओं और भागवत गीता के विद्वान द्वारा शहर के गर्ल्स स्कूल मैदान में सामूहिक तौर पर 1100 लोगों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का कंठस्थ पाठ किया गया। श्रीमद्भगवद्गीता को भारतीय संविधान में राष्ट्रग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित कराने के इस महान यज्ञ में शामिल होकर आयोजन को गौरवान्वित किया।

इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा बजरंग दल के जिला संयोजक






बद्री प्रसाद पाराशर, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, आयोजन के जिला संयोजक पंडित दामोदर अवध नारायण न तिवारी पंडित मनीष बबेले शास्त्री, पंडित रामनारायण शर्मा ,कालूराम विश्वकर्मा पंडित हीरालाल शर्मा अधिवक्ता ,रोहित दुबे गीता आचार्य, पंडित हरिनारायण शर्मा ,पूजा तिवारी, राम प्रकाश शर्मा, धीरज सिंह राजपूत, त्रिवेश शर्मा ,रोहित साहू, नीलेश शर्मा, विकास शर्मा, राजकुमार ग्वाला, विमल शर्मा, सचिन जाट, पंडित आनंद गौतम शास्त्री विशेष रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा नेता राजपूत ने बापौली धाम में मनाया 68वां जन्मदिन

### राज्यमंत्री पटेल ने दी जन्मदिन की बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली


भाजपा के वरिष्ठ नेता आमजन के बीच लोकप्रिय हरनाम सिंह राजपूत द्वारा 68वां जन्मदिन उत्साह पूर्वक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। भाजपा नेता राजपूत को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देने उनके निवास पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ भाजपा संगठन से जुड़े भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा राजपूत को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी गई।

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में सिद्ध एवं ख्याति प्राप्त शिव बापौली धाम में हरनाम सिंह राजपूत का पूज्य लाल बाबा जी के सानिध्य में जन्मदिन मनाया गया। बापौली धाम में सुंदरकांड का पाठ एवं गीता जयंती पर 51 ब्राह्मण को श्रीमद् भागवत गीता जी राजपूत द्वारा भेंट की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, शिव कुमार शर्मा (Shivkumar Sharma) आत्मजा श्री उमाशंकर शर्मा आयु-वयस्क, निवासी :- A-06 बालाजी एवेन्यू राजीव नगर विदिशा म.प्र. 464001 मेरे पेन कार्ड क्रमांक BYAPS6214D एवं आधार कार्ड नंबर 2370 4746 0008 मे मेरा पूरा नाम शिव कुमार शर्मा (Shivkumar Sharma) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरा पासपोर्ट क्रमांक J8472171 मे मेरा अधूरा नाम शिव कुमार ( Shiv kumar) त्रुटिवश अंकित हो गया है। मैं अपने पासपोर्ट मे पूरा नाम शिव कुमार शर्मा संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम शिव कुमार शर्मा (Shivkumar Sharma) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक BZ 872426



# 40 साल पुराना जर्जर पुल अचानक भरभरा कर हुआ धराशायी, 1 की मौत

**हादसे में 3 व्यक्ति गंभीर घायल, बरेली से प्राथमिक उपचार के बाद एम्स भोपाल रेफर, चल रहा इलाज**

**घायलों का हालचाल जानने पहुंचे स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कलेक्टर विश्वकर्मा एवं एसपी गुप्ता**

एमपीआरडीसी के अधीन था जर्जर मछवाई नाले का पुल, मरम्मत कार्य के दौरान हुआ धराशायी

घटना के बाद बरेली पिपरिया मार्ग पर लगा लंबा जाम, भारी मशक्कत के बाद प्रशासन ने रूट किया डायवर्ट

तीन सदस्यी टीम करेगी जांच, एमपीआरडीसी के प्रबंधक हुए निलंबित, सहायक को थमाया शोकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बरेली

बरेली-पिपरिया मार्ग के नयागांव के पास मछवाई नाले के पुल का 15 मीटर लंबा एक स्पाइन अचानक भरभरा कर धराशायी हो गया। इस दौरान वहां से गुजर रहीं दो बाइक पुल सहित नीचे जा गिरे, जिससे 5 लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल बरेली भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान एक गंभीर घायल की मौत हो गई। पुल एमपीआरडीसी के अधीन आता है। पुल लगभग 50 साल पुराना था, जिसमें मरम्मत का काम चल रहा था।

बरेली-पिपरिया मार्ग के नयागांव के पास बने पुल का मरम्मत कार्य जारी था, जिसमें 6 मजदूर पुल के नीचे कार्य कर रहे थे। पुल के गिरते समय उसके ऊपर से दो बाइक गुजर रहीं थीं, जिन पर 4 लोग सवार थे। पुल गिरने से मजदूर सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें जगदीश केवट, महेश केवट बुधनी, देवेंद्र सिंह धोखेड़ा, देवेंद्र लोधी को भोपाल रेफर किया जबकि अवधेश लोधी की छुट्टी कर दी गई। वहीं भोपाल के एम्स अस्पताल में 35 वर्षीय देवेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई एवं एक अन्य की हालत अत्यधिक नाजुक बताई जा रही है।

बरेली-पिपरिया मार्ग का पुल गिर जाने से यातायात थम गया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। एसडीएम संतोष मुद्गल एवं यातायात पुलिस द्वारा मार्ग को डायवर्ट करवाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा तथा एसपी आशुतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### हादसे के समय जर्जर पुल पर चल रहा था मरम्मत का कार्य

हादसा सोमवार को लगभग सुबह 11 बजे हुआ, उस समय पुल के नीचे मरम्मत का कार्य चल रहा था। तभी दो मोटरसाइकिल पुल से गुजर रहीं थी, जिन पर 4 लोग सवार थे। बाइक सवार सहित पुल लगभग 20 फीट नीचे गिर गया, जिससे बाइक सवारों को भी चोटे आई। वहीं पुल की मरम्मत कर रहे 4 मजदूर भी चपैट में आ गए, जिसमें दो जैत सीहोर के और दो मजदूर धौखेड़ा बरेली निवासी बताए जाते हैं।

### राज्यमंत्री एवं कलेक्टर-एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण



### मौके पर पहुंचे नरेंद्र शिवाजी पटेल और अधिकारी

*पुल गिरने की घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, एसडीओपी केएस मुकाती, टीआई, कपिल गुप्ता, एसडीएम संतोष मुद्गल, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच की। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार ने भी मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने अधिकारियों को रेस्क्यू चलाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। प्रदेश सरकार इस मामले को गंभीरता से लिया है। पुल मरम्मत कार्य के दौरान कैसे गिरा है इस मामले की मप्र सरकार पूरी जांच करवा रही है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*




### राज्यमंत्री पटेल ने दिए 40 साल पुराने पुलों की जांच के आदेश

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने चर्चा के दौरान बताया कि 40 साल पूरे कर चुके जिले के पुलों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में गंभीर हुए लोगों का इलाज पहली प्राथमिकता है। घटना के बाद एमपी आरडीसी, एनएचआई को निर्देश दिए हैं जितने भी पुल हैं जिनकी आयु 40 साल से अधिक है उन्हे चेक कर लें और लगता है कि उनके बदलने की आवश्यकता है तो तत्काल बनाकर सुरक्षित करने का काम करें।



### जांच दल गठित प्रबंधक निलंबित

1980 में पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त पुल का निर्माण कराया गया था। लगभग 45 वर्षों पुराना पुल क्षतिग्रस्त बना हुआ है स्लैब पिलर की कंक्रीट उखड़ रही है लोहा जंग खाकर कमजोर हो गया था। एमपी आरडीसी ने सर्वे में प्रोटेक्शन वर्क खराब पाया गया था इसी कारण मरम्मत पुनर्निर्माण के लिए 98 लाख की स्वीकृति 29 मई 2025 को हुई। एमपी आरडीसी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से पिछले अनेक दिनों से मरम्मत कार्य कराया जा रहा था। पुल का स्लैव टूटकर गिर जाने की घटना पर प्रबंधक एए खान को निलंबित किए जाने के साथ सहायक प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति बनाई है जो साथ दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### इनका कहना है...

4 गंभीर घायलों को एम्स अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया था, जहां एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। शेष घायलों का इलाज चल रहा है। **कपिल गुप्ता**, टीआई, बरेली




### तेज रफ्तार डंपर बन रहे हादसों का कारण

## एक रात में तथा दूसरा सुबह पलटा डंपर, अंधी रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा पा रहा प्रशासन

**सिलवानी।** प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते अंधी रफ्तार से सड़कों पर बेतहासा दौड़ते डंपर हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। लेकिन अधिकारियो की चुप्पी व कार्रवाही ना होने से वाहन चालको के होसंले बुलंद है। रविवार की रात्रि व सोमवार को सुबह के समय अंधी रफ्तार से दौड़ रहे डंपर स्टेट हाईवे पर सड़क किनारे पलट गए। हालांकि दोनों ही हादसों में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की देर रात्रि को नर्मदा नदी से रेत भरकर सागर की ओर जा रहा डंपर सियरमऊ सागर मार्ग स्टेट हाईवे 15 पर आरडीएसएस के सामने अनियंत्रित होकर एक मकान के बगल में खड़ी अल्टो कार से जा टकराया। इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नही हुई। कार में कोई सवार नही था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची।

दूसरी घटना स्टेट हाईवे 44 बजरंग चौराहा के समीप उदयपुरा मार्ग पर हुई। जहां कि रेत भरने बौरास घाट की तरफ जा रहा खाली डंपर का चालक अंधी रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा सका। और डंपर खाली पड़े पलाट पर पलट गया। इस हादसे में चालक को चोट आना बताया गया जिसका उपचार सिविल अस्पताल में किया गया। हालांकि दोनों ही हादसो में जानमाल का नुकसान नहीं हआ। परंतु पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहनो पर लगातार की जाने वाली चालानी कार्रवाही तथा बड़े वाहनो पर कृपा दृष्टि बनाए रखने की नियत के फल स्वरुप ही रेत से भरे व खाली डंपर यमराज बन कर सड़को पर दौड़ रहे हैं। जो कि लगातार हादसो का कारण बन रहे हैं। ज्ञात रहे कि अंधी रफ्तार से दौड़ते डंपर नगर ही नही क्षेत्र में हादसों का कारण बन रहे हैं।

### दोस्त की नाबालिग बेटी पर बिगड़ी नीयत

## नशे में धुत्त अधेड़ ने नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी पर पॉस्को एक्ट की धारा 354 के तहत कार्रवाई कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के औबेदुल्लागंज थाना अंतर्गत गांव में एक फिर नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उप जेल गौहरगंज भेज दिया है।

एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा ने बताया कि एक शराबी ने अपने ही दोस्त के सामने नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की।



मेंदुआ गांव निवासी गंगाराम अपने दोस्त के घर में शराब पी रहा था। जब शराब का नशा गंगाराम के सिर चढ़कर परवान चढ़ गया तो उसने अपने दोस्त की आंखों के सामने नाबालिग लड़की से अश्लील हरकतें करने लगा तो लड़की ने ऐतराज किया। पिता और नाबालिग लड़की द्वारा औबेदुल्लागंज थाने में घटना की एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस ने धारा 354, पास्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी गंगाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पक्ष सुने बिना हटाया मध्यान्ह भोजन समूह, जिला पंचायत ने लिया संज्ञान

### एसडीएम सिलवानी से मांगा औपचारिक कार्रवाई प्रतिवेदन

**10 बीपीएल महिलाओं की आजीविका पर संकट, समूह ने लगाया मनमानी का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासकीय बालक माध्यमिक शाला सिलवानी में पिछले लगभग 12 वर्षों से मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन कर रहे कार्तिकेय स्व सहायता समूह को बिना पूर्व सूचना तथा बिना पक्ष सुने हटाने का मामला गरमा गया है। समूह को हटाने के बाद अब यह मामला जिला पंचायत तक पहुंच गया है, जहां से एसडीएम सिलवानी से औपचारिक कार्रवाई प्रतिवेदन मांगा गया है।

हटाए गए स्व सहायता समूह ने बताया कि हाल ही में कुछ व्यक्तियों द्वारा दर्ज कराई शिकायत के आधार पर एसडीएम ने कार्तिकेय स्व सहायता समूह को हटाते हुए दूसरे समूह को नियुक्त कर दिया। कार्तिकेय समूह का आरोप है कि उन्हें न तो शिकायत की जानकारी दी गई, न ही सफाई का अवसर दिया और न ही किसी प्रकार की सुनवाई की प्रक्रिया अपनाई गई। समूह का कहना है कि यह निर्णय एक तरफा और नियम विरुद्ध लिया गया है।

### समूह की महिलाओं ने कहा- एक तरफा हुई कार्रवाई

*कार्तिकेय स्व सहायता समूह ने जिला पंचायत को भेजी शिकायत में बताया कि समूह की 10 बीपीएल धारक महिलाएं पिछले कई वर्षों से मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्यरत थीं। समूह का आरोप है कि बिना जांच और बिना पक्ष सुने हमें हटाना इन गरीब महिलाओं की आजीविका पर सीधा प्रहार है। कार्तिकेय समूह की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के सीईओ ने एसडीएम को पत्र जारी कर प्रतिवेदन मांगा है। समूह ने जिला पंचायत से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जब तक जांच पूरी न हो, तब तक उनका हटाया जाना निरस्त किया जाए।*

## सीसी रोड का नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

वार्ड नंबर 15 में क्षतिग्रस्त हुई सडक़ के निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा भूमि पूजन किए जाने के साथ निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। वार्ड के निवासियों एवं राहगीरों की मांग पर नगर पंचायत द्वारा पी आई सी की बैठक में सडक़ निर्माण के लिए 5 लाख 74000 हजार की राशि स्वीकृत की गई। प्रिंसटन कॉलेज तिराहा से होली चौक तक लगभग 130 मी लंबाई की सी सी सडक़ का निर्माण भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हो जाने से वार्ड के निवासियों में हर्ष बना हुआ है। भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी ने किया इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत वार्ड 15 की पार्षद राखी रणधीर चौधरी एवं भरत शर्मा हिमकर उपाध्यक्ष संतोष राय सहित अन्य की उपस्थिति रही।

### केंद्रीय कृषि मंत्री पर किसानों ने लगाया वादा खिलाफी का आरोप

## बिजली की मांग को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

वनग्राम की सीमा होने की वजह से वन अधिकारी डाल रहे फीडर कार्य में अड़ंगा, ठेकेदार काम छोड़कर भागा

**बिजली फीडर का काम अधूरा होने की वजह से किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल पा रही बिजली रबी फसले सूखने की कगार पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील सिलवानी के प्रतापगढ़ और अमगवां फीडर के बीच में सोमवार को दोपहर बाद किसानों का सब्र का बांध फूट पड़ा। नाराज किसानों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। इस मामले की सूचना राजस्व अधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को मोबाइल पर दी गई, लेकिन मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा जिससे हालात और भी बेकाबू हो गए।

ग्राम प्रतापगढ़, सेमरा खास के बिजली फीडर के नजदीक सोमवार को किसानों की भीड़ जमा हो गई। पिछले कई दिनों से ग्राम प्रतापगढ़, बिछुआ, खैरी घोघरी, रामपानी, ककरुआ, नारायणपुर, महका, समनापुर, पापड़ा आदि करीब एक दर्जन गांवों में किसानों ने रबी सीजन की फसलों की बनी कर दी है। लेकिन बिजली नहीं मिलने से उनके फसले सूखने लगी हैं, जिससे किसान बेहद चिंता में है। सोमवार को दोपहर बाद सभी किसान एकजुट होकर फीडर के सामने चक्का जाम आंदोलन करने पर उतार आए और नारेबाजी करने के बाद किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी बिजली समस्या हल नहीं हुई तो किसान उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



किसान गुलाब सिंह, रामकिशन, उदयराम, विश्राम सिंह, हरिकिशन, रामगोपाल सीताराम, राजेश कुमार, करण सिंह आदि ने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर हमको सिंचाई के लिए दस घंटे पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पिछले दिनों नारायणपुर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी हम लोग आवेदन देकर समस्या से अवगत करा चुके हैं। हमारा बिजली फीडर भी नहीं बन सका है। ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया है। फिर भी हमारी जटिल समस्या अभी तक हल नहीं हुई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन म.प्र.

क्रमांक 2493 /रा.शा./ न.पा./2025-26 दिनांक 01/12/25

// इस्तहार हक हस्तांतरण सूचना //

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न भवन/ दुकान/ प्लाट के स्वामियों द्वारा हक हस्तांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका विवरण निम्न है।

| क्रं. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | नामान्तरण हेतु भवन / भूखण्ड का विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | दसरथ प्रसाद शर्मा /कालूराम | कुसुम सिंह, विक्रम उदयप्रताप भोजेन्द्र सिंह | 20 वर्गमीटर वार्ड क्र. 15 अर्जुन नगर रायसेन |
| 02 | सुलेखा सिंह / शोरभ सिंह बघेल | सौदान सिंह / मिश्रीलाल | भवन 600 वर्गफीट वार्ड क्र. 13 अवंतिका कॉलोनी रायसेन |
| 03 | आशीष राठौर / रामस्वरूप राठौर | भगवानदास चंचलानी / पम्मनदास | भवन 1250 वर्गफीट वार्ड क्र. 04 व्हीआईपी कॉलोनी रायसेन |
| 04 | जीतेन्द्र खरे / संतोष खरे | रामकुमार देवलिया/ नाथूराम | भूखण्ड 1250 वर्गफीट वार्ड क्र. 04 शीतल सिटी फेस-2 रायसेन |
| 05 | महेशपाल / किशनलाल | भगवानदास साहू / काशीराम | भूखण्ड 660 वर्गफीट वार्ड क्र. 11 पटेल नगर रायसेन |
| 06 | रक्षा सोनी / संजय सोनी | सुमन सोनी / सुरेन्द्र कुमार | भवन 1200 वर्गफीट वार्ड क्र. 10 रायसेन |
| 07 | रचना बघेल / रविन्द्र बघेल | लक्ष्मीनारायण / रामसिंह प्रधान | भवन 680 वर्गफीट वार्ड क्र. 15 अर्जुन नगर रायसेन |
| 08 | सीमा बाई / सुरेश कुमार | रानी मिश्रा / मीनेश मिश्रा | भवन 600 वर्गफीट वार्ड क्र. 12 संस्कार बिहार रायसेन |
| 09 | रीतु यादव / धर्मेन्द्र यादव | लक्ष्मी चौहान / छोटेलाल | भवन 900 वर्गफीट वार्ड क्र. 04 गोल्डन सिटी रायसेन |
| 10 | क्षमा शर्मा / अनिल शर्मा | चंद्रपाल सिंह राजपूत / कमल सिंह राजपूत | भवन 800 वर्गफीट वार्ड क्र. 13 अवंतिका रॉयल सिटी रायसेन |
| 11 | नितिन शर्मा / तुलसीराम शर्मा | पुष्पा गोपलानी / किशनचंद गोपलानी | भवन 477 वर्गफिट वार्ड क्र. 14 पाटनदेव रायसेन |
| 12 | राखी रजक / सुनील कुमार | अबीजर अली / लियाकत अली | भूखण्ड 396.5 वर्गफीट वार्ड क्र. 04 श्री कान्हा धाम कॉलोनी रायसेन |
| 13 | जसोदा बाई / हरप्रसाद | अबीजर अली/ लियाकत अली | भूखण्ड 396.5 वर्गफीट वार्ड क्र. 04 श्री कान्हा धाम कॉलोनी रायसेन |
| 14 | चंद्रकला कुशवाह / रामगोपाल कुशवाह | तोरन तोरण सिंह / टीकाराम | भवन 400 वर्गफीट वार्ड क्र. 13 अशोक नगर रायसेन |
| 15 | शांति बाई /तोरण सिंह विश्वकर्मा | देवकी बाथम / ओमप्रकाश बाथम धीरज बाथम /ओमप्रकाश बाथम शालिनी बाथम / ओमप्रकाश बाथम सुमन बाथम /ओमप्रकाश बाथम | भवन 1500 वर्गफीट वार्ड क्र. 11 पटेल नगर रायसेन |
| 16 | शांति / श्री चरन सिंह दांगी | रामवती बाई दांगी / महाराज सिंह दांगी | भवन 1500 वर्गफीट वार्ड क्र. 15 अर्जुन नगर रायसेन |
| 17 | संदीप अग्रवाल / श्रीराधारमन अग्रवाल | श्रीराधारमन अग्रवाल / बाबूलाल जी अग्रवाल | भवन 3400 वर्गफीट वार्ड क्र. 15 अर्जुन नगर रायसेन |

उक्त दुकान भवन / प्लाट पर किसी को कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस के अंदर कार्यालयीन समय में भवन, दुकान, प्लाट के रिकार्ड सहित उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के उपरान्त नगर पालिका के आनलाईन पोर्टल में उक्त नाम दर्ज कर लिया जावेगा। बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

श्रीमति सविता जमना सेन
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन